तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

6 सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव ...



6 गुजरात के युवाओं ने किया सिरपुर का भ्रमण



## खबर संक्षेप

### 50 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर में तालाब किनारे शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को बागबाहरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि तालाब के किनारे पीपल पेड़ के नीचे हरनादादर में एक व्यक्ति बिक्री करने के लिए शराब रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही धीरज देवांगन पिता लिलेश्व र देवांगन (27 वर्ष) वार्ड नं 15 दैहानीभाठा के कब्जे से लगभग 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ढाबा के वेटर से मारपीट

**महासमुंद।** खाना पार्सल करने के नाम पर ढाबा के वेटर से मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को विमल कुमार भोई निवासी वार्ड 02 इमली भांठा महासमुंद ने बताया कि वह महानदी ढाबा एवं रेस्टोरेंट रायपुर रोड में वेटर का काम करता है। 20 फरवरी की शाम 7 बजे वह ढाबा में काम कर रहा था, तभी सुलेमान सिद्दिकी वहां पर आया और खाना पार्सल का करने का आर्डर किया, जिसे उसने कुछ देर रूकने कहा, इस पर आवेश में आकर आरोपी सुलेमान सिद्दिकी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज और मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**योजना : कृषक उन्नति योजना के तहत धान की अंतर राशि का भुगतान**

# जिले के 1.49 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 745 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में कृषक उन्नति योजना के तहत वृहद किसान सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के किसानों को धान की अंतर राशि का भुगतान किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है।

कलेक्टर विनय लंगेह ने बताया कि जिले में कुल 1, 49, 759 किसानों के खातों में 745 करोड़ 30 लाख 36 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले के 1.60 लाख किसानों ने 2.45 लाख हेक्टेयर रकबे में धान फसल का पंजीयन कराया था। इसमें से लगभग 1.50 लाख किसानों से 10 लाख 19 हजार 568 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। अब तक जिले के किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 2415 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। विधायक सिन्हा ने महासमुंद विकासखंड के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि यहां 23 समितियों के माध्यम से 35, 670 किसानों से धान खरीदी की गई। आज इस विकासखंड के किसानों के खातों में 159 करोड़ 89 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इसी तरह अन्य विकासखंडों में भी राशि का वितरण किया गया जिसमें पिथौरा में 165 करोड़ रुपए का भुगतान, बागबाहरा में 146 करोड़ रुपए का भुगतान, सरायपाली में 142 करोड़ रुपए का भुगतान, बसना में 130 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया हैं।



### क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी घोषणाएं

इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने क्षेत्र के लिए स्वीकृत बड़े प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिकासेर-कोडार जलाशय लिंक के लिए 3047 करोड़ रुपए और सिरपुर बैराज के लिए 647 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत होना जिले के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इसके साथ ही क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना और सड़कों के जाल बिछाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

### लाभार्थी किसानों की प्रतिक्रिया

योजना का लाभ मिलने पर किसानों ने खुशी जाहिर की। अछोला ग्राम के किसान अजय साहू को 36 हजार रुपए मिले, जिससे वे अपना अधूरा मकान पूरा करेंगे। वहीं, ग्राम सोरिद के किसान रोम पाल चंद्राकर ने कहा कि इस राशि से वे अगली फसल की तैयारी करेंगे। पिटियाझर की बहुरा बाई को 17 हजार रुपए मिले। किसानों का कहना है कि सरकार ने अपना वादा ईमानदारी से पूरा किया है, जिससे वे अब होली का त्यौहार अच्छे से मना सकेंगे।

## तस्करी कर रहे तीन गिरफ्तार 30 किलो गांजा, दो कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा की अवैध रूप से तस्करी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपयों के कब्जे से पुलिस ने 30 किलो गांजा और दो कारों को जब्त किया है।

सिघोड़ा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 16 एजेड 0895 एवं पायलेटिंग करते अर्टिगा वाहन क्रमांक यूपी 87 जेड 4914 में ओडिशा की ओर से छत्तीसगढ़ की ओर गांजा परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ग्राम रेहटीखोल पहुंची जहां कुछ समय बाद उक्त कारें आईं, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। इन कारों में बैठे लोगों ने अपने नाम हाशिम अली पिता नदीम अली (40 साल) बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र, नौशाद पिता तुलन मियां (45 साल) बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र और कृपाल सिंह पिता वीरी सिंह (40 साल) बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र का निवासी होना बताया। साथ स्विफ्ट डिजायर कार के पीछे डिक्की में प्लास्टिक बोरी के अंदर गांजा रखना बताया और उक्त गांजा को अंगुल ओडिशा से आगरा उत्तरप्रदेश ले जाना बताया। तलाशी में कुल 28 पैकेट गांजा वजन 30 किलोग्राम कीमत 15, 00, 000 रुपए व दो कारों को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii) (ग), 29(1) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी केशव प्रधान ने बताया कि ग्राम कोकड़ी का संजय प्रधान पिता दिवाकर प्रधान लगभग एक वर्ष से उसकी पत्नी को बीते एक वर्ष से परेशान कर रहा था, जिसे उसके एवं परिवार द्वारा 17 जनवरी को समझाया गया था। इसी बात को लेकर 18 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे प्रार्थी से संजय प्रधान गाली गलौज करने लगा, जब मना किया तब उसने जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए छह लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम सिंगारपुर रोड किनारे खेत में जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए बलौदा पुलिस ने बताया कि इस दौरान साहिल खान पिता स्व. नासिम खान (23 साल) वार्ड क्र. 09 अलावापारा बसना, अजय भोई पिता प्रमोद भोई (27 साल) बडेपंधी थाना सरायपाली, देवेंद्र प्रधान पिता मकरध्वज प्रधान (22 साल) बडेपंधी थाना सरायपाली, शरद कुमार प्रधान पिता स्व. गजेंद्र प्रधान (51 साल) पतेरापाली थाना सरायपाली, समेलाल आदित्य पिता दुकालू राम आदित्य (52 साल) संजय नगर सरायपाली थाना सरायपाली, दीपक गोयल पिता सीताराम गोयल (42 साल) वार्ड नं. 10 उड़ियापारा सरायपाली थाना सरायपाली के कब्जे से नगदी रकम 7270 रुपए बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तत कार्रवाई की गई।

### गांजा तस्कर के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** नारकोटिक से संबंधित अपराध में न्यायालय द्वारा कठोर दंड से दंडित किए जाने के उपरांत भी अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने की प्रवृत्ति में लगातार वृद्धि हो रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों को पूर्ण करते हुए तथा एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की कार्रवाई से क्षेत्र में गांजा तस्करों को पकड़कर उन्हें सजा दिलाने के लिए लगातार प्रयास के परिणाम से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विशेष न्यायालय एनडीपीएस पंकज आलोक तिर्की विशेष न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में थाना बसना के अपराध कमांक 517/2023 के प्रकरण में आरोपी दिनेश केशरवानी पिता कब्बूलाल केशरवानी निवासी जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) को 24 सितंबर 23 को शाम 6 बजे अपने स्विफट डिजायर कार क्रमांक सीजी 19 बीजे 2391 में 100 किलोग्राम, गांजा परिवहन करने के आरोप में अपराध सिद्ध पाते हुए आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि भुगतान न किये जाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। घटना 24 सितंबर 2023 को सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार साहू अपने हमराह स्टॉफ के साथ वाहन चेकिंग का कार्य कर रहे थे, इस दौरान आरोपी अपने वाहन में सवार होकर घटनास्थल सिटी ग्राउंड के सामने पदमपुर रोड बसना पहुंचा, जिसे पूछताछ करने पर उसके द्वारा संतोषजनक जवाब न देने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी दिनेश कुमार द्वारा अपने कार में पीछे सीट के उपर 2 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में एवं पीछे डिक्की में 2 बोरी गांजा होना बताया। जिस पर विवेचक द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। आरोपी के पास वाणिज्यिक मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर उसे जमानत नहीं मिल पाया था, प्रकरण से संबंधित स्वतंत्र साक्षी इस्तियाक खान, जितेंद्र यादव, करीम खान के द्वारा अभियोजन समर्थन नहीं किया था परंतु पुलिस साक्षी महेंद्र पटेल, संजय सोनी, हरीश साहू, कमल जांगडे, प्र.आर. चैतराम ध्रुव, विवेचक महेंद्र कुमार साहू के सटीक न्यायालयीन कथन से आरोपी को दोषसिद्धि की गई। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा पैरवी की गई।



## खबर संक्षेप

### पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 233 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सात थाना बागबाहरा, तेंदूकोना, सांकरा, सरायपाली, बसना, पटेवा और कोमाखान की टीमों ने 20 से अधिक ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने 233 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 77,000 रुपये है। इसके अतिरिक्त, शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 990 किलो महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने शराब बनाने में उपयोग होने वाले बर्तन और अन्य सामग्री भी भारी मात्रा में जब्त की है। इस मामले में कुल सात आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस का यह अभियान जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को रोकने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

### माना-तूता का जंगल बचाने चौथे दिन सद्बुद्धि यज्ञ



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर शहर कांग्रेस के संयुक्त आह्वान पर माना-तूता जंगल में चल रहे लगातार विरोध प्रदर्शन के चौथे दिन आज सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ विष्णु देव साय सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने, पर्यावरण विनाश को रोकने तथा माना-तूता जंगल की रक्षा के लिए किया गया। सैकड़ों महिलाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सामूहिक यज्ञ में भाग लिया। यह आंदोलन जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं रायपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में चल रहा है। इसमें रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा, पीसीसी सचिव प्रवीण साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी सक्रिय रूप से शामिल हैं। भाजपा की विष्णु देव साय सरकार पर्यावरण के नाम पर छत्तीसगढ़ की हरियाली को नष्ट करने पर तुली हुई है।

# दुर्गा मंदिर में फागुन के रंग माता के संग' का आयोजन कल

## फूलों की होली और फाग गीतों की रहेगी धूम, कार्यक्रम में जुटेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आयोजन को लेकर आयोजक समिति की हुई तैयारी बैठक

नगर के बरोंडा चौक स्थित भवानी दुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा लगातार दूसरे वर्ष "फागुन के रंग, माता के संग" कार्यक्रम का आयोजन 2 मार्च की शाम 5 बजे से किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है। इसको लेकर एक बैठक भी हुई। जिसमें तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत फूलों की होली खेली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु पुष्प वर्षा के साथ भक्ति भाव से मां दुर्गा के जयकारे लगाएंगे। इसके साथ ही पारंपरिक फाग गायन का भी आयोजन होगा, जिससे वातावरण पूरी तरह होलीमय और भक्तिमय बन जाएगा। भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु रंगों के इस पर्व को आध्यात्मिक स्वरूप में मनाएंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माता दुर्गा की विधि-विधान से महाआरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम अब नगर की धार्मिक परंपरा का हिस्सा बनता जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी, हेमंत द्विवेदी, राजेश लूनिया, चोवाराम साहू, मनोज शर्मा, दाउलाल चंद्राकर, सुरेंद्र मानिकपुरी, प्रदीप वर्मा, बाबूलाल साहू, गौरव चंद्राकर दिलीप जैन, राजेश नायक, संजय तिवारी, दीपक तिवारी, मोहन यादव, भूपेंद्र कन्नौजे, संतोष सहिस, मनीष शर्मा, दीपक मिश्रा, रितेश गोलछा, विक्रम ठाकुर, नरेश साहू, लालू यादव, नंदकुमार साहू, जितेंद्र साहू, पंकज चंद्राकर, रामेश्वर उपस्थित रहे।



### मध्यप्रदेश के प्रतिनिधियों ने पिथौरा के नवाचारों का किया अध्ययन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत अध्ययन भ्रमण के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश के बालाघाट एवं सिवनी जिले के पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का संयुक्त दल जनपद पंचायत पिथौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़बहाल एवं ग्रीन ग्राम पंचायत सपोस के अध्ययन के लिए पहुंचा। यह भ्रमण ठाकुर प्यारेलाल राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा के माध्यम से जिला पंचायत संसाधन केंद्र के संकाय सदस्य प्रकाश छांटा के संयोजकत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने दुग्ध सहकारी समिति द्वारा संचालित संयंत्रों एवं ग्रामीण औद्योगिक परिसर (रीपा) का अवलोकन किया। संस्था प्रमुख एवं भूतपूर्व सरपंच सादराम पटेल ने केंद्र की गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी दी और दल ने उत्पादों का स्वाद भी चखा।

# बोर्ड परीक्षाएं जारी, लेकिन ध्वनि प्रदूषण के रूल ताक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- शादी ब्याह के दौरान बज रहे डीजे के शोरगुल ने बढ़ाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं, लेकिन झलप अंचल के छात्रों को शांतिपूर्ण माहौल नही मिल पा रहा। क्षेत्र में शादी का सीजन जोरों पर है, और यहां चलने वाले लाउडस्पीकर और डीजे का शोर बेलगाम हो गया है। शाला विकास समिति अध्यक्ष निर्भय नायक ने कहा कि प्रशासन की जवाबदारी है कि परीक्षा अवधि में कोलाहल पर रोक लगे लेकिन, प्रतिवर्ष प्रशासन द्वारा जारी होने वाला ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध का आदेश अब तक जारी नही हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि पढ़ाई के दौरान तेज आवाज से छात्रों में चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ता है। डीजे की धमक न केवल पढ़ाई में बाधा डालती है, बल्कि याद किया हुआ भूलने का डर भी बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डीजे बजाने वालों को भी स्वयं संज्ञान लेना चाहिए। बोर्ड परीक्षाओं के बीच इस लापरवाही ने जिले की शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक चौकसी को कटघरे में ला खड़ा किया है।

### तहसील कार्यालयों में पदस्थ 26 कर्मचारी का ट्रांसफर

**रायपुर।** राजस्व विभाग रायपुर जिले के विभिन्न तहसील कार्यालयों में पदस्थ 26 कर्मचारियों को ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इनमें रायपुर तहसील कार्यालय के भी 9 कर्मचारी भी शामिल हैं। इन कर्मचारियों को आरंग, धरसींवा, खरोरा, अभनपुर एवं गोबरानवापारा तहसील कार्यालय भेजा गया है, वहीं उन तहसील कार्यालयों के कर्मचारियों को रायपुर में पदस्थ किया गया है।

## अंग्रेजी मिडिल स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्थानीय शासकीय अंग्रेजी मिडिल विद्यालय पिथौरा में वैज्ञानिक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनमीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है, जो मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बने रहने, प्रश्न पूछने और प्रयोगों के माध्यम से सीखने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। अंत में



अतिथियों एवं शिक्षकों ने ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन पर बल देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना का विकास होगा और वे भविष्य में नवाचार की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे। कुल मिलाकर यह वैज्ञानिक जागरूकता कार्यशाला ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सफल रही।

## नवागांव स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षक द्वारा यह बताया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। क्योंकि, इसी दिन वर्ष 1928 में भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने अपनी महत्वपूर्ण खोज रमन प्रभाव की घोषणा की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस दिन का मुख्य उद्देश्य विज्ञान और वैज्ञानिक उपलब्धियों के महत्व को समाज में प्रचारित करना, युवाओं को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना और नई तकनीकों व नवाचारों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा छात्र-छात्राओं को अम्ल-क्षार परीक्षण, प्रकाश के परावर्तन, अपवर्तन सिद्धांत, उत्तल, अवतल लैंस, सूक्ष्मदर्शी में स्लाइड बनाना, एक बीजपत्री एवं द्विबीजपत्री के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं वन, जल, मृदा संरक्षण के उपायों पर जोर दिया गया। कार्यशाला में संस्था के शिक्षक अमर साहू, बिहेंद्र साहू ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में बच्चों ने खेल-खेल में विज्ञान के विभिन्न गतिविधियों से अवगत हुए एवं उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

# सेजेस तुमगांव में बालिकाओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई कराते प्रशिक्षण शुरू

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल सेजेस तुमगांव में छात्राओं को आत्मरक्षा और शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई कराते प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह विशेष प्रशिक्षण बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्कूल की छात्राओं के लिए चल रहे इस कराते प्रशिक्षण में प्रशिक्षक नीलम यादव द्वारा कुशल मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वह छात्राओं को बेसिक से एडवांस तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही हैं, जिसमें आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके, स्टांस, पंच, किक और डिफेंसिव मूव्स शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र उत्साहपूर्ण माहौल में चल रहे हैं, जहां लड़कियां बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं और उत्साह से सीख रही हैं।



कार्यक्रम के संचालन में प्राचार्य देवेंद्र अगलावे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचार्य ने बताया कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत स्कूल में खेलकूद और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रानी लक्ष्मीबाई' नाम से यह प्रशिक्षण न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक दृढ़ता भी विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हमारी छात्राएं न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट हों, बल्कि जीवन की हर चुनौती का सामना करने के लिए सशक्त भी बनें। रानी लक्ष्मीबाई की वीरता से प्रेरित होकर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण नियमित रूप से स्कूल परिसर में आयोजित किया जा रहा है और इसमें सभी इच्छुक बालिकाएं भाग ले सकती हैं। स्कूल प्रशासन का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ मॉडल प्रदर्शन व पोस्टर स्पर्धा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड स्कूल में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह एवं वैज्ञानिक सोच के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार के आश्चर्यजनक एवं चमत्कारिक परीक्षण का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग एवं साइंस शिक्षिका यास्मीन बेगम के मार्गदर्शन में बच्चों ने इन परीक्षणों को प्रस्तुत किया। जिसमें चुंबकीय शक्ति का प्रभाव, कास्टिक सोडा और हल्दी पानी के मेल से रंग परिवर्तन, पृथ्वी और हवा का दबाव, हल्दी पाउडर एवं डिटर्जेंट के मेल से रंग परिवर्तन, आयोडीन टेस्ट आदि अद्भुत परीक्षण जादुई चमत्कार की तरह थे। इस मनोरंजक एवं शिक्षा से भरपूर विज्ञान दिवस में कक्षा चौथी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया।

मिताली गुरुंग ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा की गई खोज रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और इसके माध्यम से हम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा साहू ने किया।

# राशन के लिए भटक रहे गरीब: मानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कई राशन दुकानों में स्टॉक की कमी, वितरण में देरी और तकनीकी समस्या

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। फरवरी माह का अंतिम दिन होने के बावजूद बड़ी संख्या में राशन कार्ड हितग्राही अब तक खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सके हैं। जानकारी के अनुसार जिले के लगभग 40 प्रतिशत हितग्राही राशन से वंचित हैं और सुबह से शाम तक उचित मूल्य दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि कई राशन दुकानों में स्टॉक की कमी, वितरण में देरी और तकनीकी समस्याओं के कारण हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। गरीब परिवारों, मजदूर वर्ग और दैनिक आय पर निर्भर लोगों के सामने खाद्यान्न संकट की स्थिति बनती जा रही है।

छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस महासमुंद के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने आरोप लगाया कि नवंबर माह का राशन आज भी लगभग 40 से 45 प्रतिशत हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है, जिससे लोगों में असंतोष और चिंता बढ़ती जा रही है। साहू ने कहा कि जिन



परिवारों को पिछले वर्ष नवंबर का चावल नहीं मिला, वे अब फरवरी माह के राशन को लेकर भी आशंकित हैं। उन्होंने कहा कि शासन की लापरवाही का खामियाजा सीधे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

## मृतकों की स्मृति में लगाए गए फल-फूल के पौधे

**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के आव्हान पर परिवार के सदस्यों ने अपने मृतक परिजनों की स्मृति में तीन पौधे बेल के और दो पौधे नीम के साथ ही फूलों के पौधे लगाए। धन्नू लाल देवांगन और उनकी पत्नी तिलेश्वरी देवांगन और उनके बच्चों ने पौधे लगाए। इसी कड़ी में विजय पाल और उनकी पत्नी चंदा पाल ने आम और नीम के पौधे लगाए। वंश गोपाल शर्मा ने परिवार सहित फूलों के पौधे लगाए। संस्था के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि फाउंडेशन के सदस्य पौधों की देखभाल करते हैं। एवं प्रतिदिन सदस्य प्रातः सभी पौधों को जल देते हैं। समय-समय पर खाद, मिट्टी भी पौधों को दी जाती है। कोई भी व्यक्ति मुक्तिधाम परिसर टिकरापारा में पौधा लगा सकता है, उन्हें इसके लिए उन्हें संस्था से संपर्क करना होगा। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।



# नपाध्यक्ष ने किया सफाई कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर ओवर ब्रिज सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसका पालिका अध्यक्ष ने निरीक्षण कर कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही नगरवासियों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ महासमुंद के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

उल्लेखनीय है कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष साहू के निर्देश पर प्रतिदिन कर्मचारियों को रूट निर्धारित कर सफाई कार्य की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। जिससे शहर के मुख्य मार्ग सहित बाजार वार्ड, शहर की भीतरी इलाकों में कर्मचारी नियमित रूप से सफाई कर रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना पालिका की पहली प्राथमिकता है। हमारा प्रयास नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की दिशा में सतत जारी रहेगी। इस दौरान विभागीय कर्मचारी, सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी मामले में तीन आरोपियों को 12-12 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने तीन आरोपियों को 12-12 साल के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II) (ग) के तहत दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार चेकिंग के दौरान खल्लारी थाना क्षेत्र को मुखबिर से 6 दिसंबर 24 को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति गांजा रखकर काले रंग के प्लसर मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 26 बी 2760 से ओडिशा की ओर छग आ रहे हैं। सूचना पर नाकाबंदी कर जांच की जा रही थी कि कुछ समय बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति कुछ सामान रखे दिखाई दिए। पूछताछ में अपने नाम मानव उर्फ मनोरंजन भोई पिता गजेंद्र भोई (24 साल), दशमंता उर्फ दष्मंतबाग पिता जलंधर उर्फ धुरंधरबाग (25 साल) दोनों निवासी कांडेतरा, कोमना थाना ओडिशा होना बताए। तलाशी लेने पर एक काले रंग व नीले रंग के बैग में 16 नग मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसे तौलने पर 29 किलोग्राम पाया गया। आरोपियों से पूछताछ व मोबाइल डिटेल के आधार पर इस प्रकरण में टिकरापारा रायपुर निवासी 33 वर्षीय नसीम मोहम्मद उर्फ इरफान पिता अब्दुल मुनाफ को भी गिरफ्तार किया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजन नूतन साहू ने पैरवी की।

# बायलर इंस्पेक्टर की भर्ती में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

- भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने नियुक्ति को गलत बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ष 2021-22 में छग लोक सेवा आयोग में हुई सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास ने 3 सदस्यों की नियुक्ति को गलत बताते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। मामला उद्योग विभाग में बायलर इंस्पेक्टर की भर्ती से जुड़ा है। नियम से हटकर कानन वर्मा नामक अभ्यर्थी की नियुक्ति की गई। उक्त अभ्यर्थी की आयु निर्धारित सीमा से अधिक थी।

इस विषय में दूसरे अभ्यर्थी साकेत अग्रवाल ने हाई कोर्ट में पीटीशन दाखिल की। जिसपर हाई कोर्ट ने फैसला देते हुए साकेत अग्रवाल को नियुक्ति देने का आदेश जारी किया है। इस मामले को लेकर गौरी शंकर श्रीवास ने लोक सेवा आयोग और राज्यपाल को पत्र लिखा है। जिसमें जांच के बाद तीनों सदस्यों को हटाने की मांग की है।

# तीन साल से एनओसी लंबित, गौण खनिज पट्टेदारों का पर्यावरण भवन के सामने मौन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गौण खनिज खदानों का संचालन करने वाले छत्तीसगढ़ खनिज पट्टेदारों ने शुक्रवार को नवा रायपुर में राज्य पर्यावरण विभाग के भवन परिसर में जमीन पर बैठकर मौन प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पट्टेदारों ने खनिज खदानों को 3 साल से पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं देने के विरोध में किया। सुबह से शाम तक चले इस प्रदर्शन के बाद पट्टेदार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने खनिज विभाग के उप संचालक महिपाल कंवर से अपनी मांग को लेकर मुलाकात भी की। इस दौरान अधिकारी ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर उनकी मांग को लेकर शासन स्तर पर चर्चा कर बैठक करने का आश्वासन दिया है। इस बैठक में पर्यावरण, खनिज विभाग के साथ पट्टेदार महासंघ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।



### एनओसी नहीं मिलने के कारण कई खदानें बंद होने की कगार पर

खनिज पट्टेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि हम 3 वर्षों से कागजी कार्रवाई में उलझे हुए हैं। व्यवसाय करना अब कठिन हो गया और केवल शासन को किसी तरह रुपए देना ही हमारा काम रह गया है। उन्होंने बताया कि राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाई है, जिसके कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गौण खनिज पट्टा देने के लिए पहले जिला स्तरीय पर्यावरण का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद अब राज्य स्तरीय कमेटी से एनओसी लिया जाना है। इसके लिए प्रदेश कमेटी के नीचे तीन सहायक कमेटी और बनाई गई, ताकि शीघ्र निराकरण हो सके, लेकिन पर्यावरण विभाग की उदासीनता के कारण तीन वर्ष के बाद भी एनओसी मिल नहीं पाई है। इसके कारण कई खदानें बंद होने की कगार पर है।

### मौन प्रदर्शन में ये रहे शामिल

महासंघ के महासचिव पराग बढ़े, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र बंसल , उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, रवि कुकरेजा, पदाधिकारी विजय अग्रवाल, अशोक सिंह राजपूत, सुभाष पांडे शैलेश तिवारी, मनिंदर गरचा, सुभाष सिंघानिया, आलोक अग्रवाल, हेमंत बजाज, मनोज नचार, गोविंद पटेल, झाला राम चंद्राकार, दीप कुमार अग्रवाल, अविनाश मोदी, फगेंद्र यादव जसवीर सिंह चावला धमतरी से चैन सुख पारख जगदलपुर से बाफना सहित बड़ी संख्या में खनिज पट्टेदार उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में हुआ वार्षिक उत्सव व सत्रांत पुरस्कार वितरण समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां





**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं सत्रांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे ने की। विशिष्ट अतिथिगण येतराम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी राज्य आयुक्त स्काउट गाइड, देवी चंद राठी उपाध्यक्ष नपा, अमन वर्मा जिला अध्यक्ष भाजयुमो, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष एल्युमनी संगठन, पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, संदीप दीवान जन भागीदारी सदस्य, रमेश साहू अध्यक्ष सहकारी समिति, मनीष बंसल जनभागीदारी सदस्य, संदीप घोष विधायक प्रतिनिधि, कमलेश ध्रुव जनभागीदारी सदस्य, मनीष शर्मा एल्युमनी संगठन सह सचिव, मंगेश टांकसाले जनभागीदारी सदस्य, महेश मक्कड़ जनभागीदारी सदस्य, प्रमिला ध्रुव सरपंच मचेवा एवं छात्रसंघ प्रभारी डॉ दुर्गावती भारती मंचासीन रही।

कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गीत और अतिथियों के स्वागत से हुई। सरस्वती वंदना दामिनी साहू व गणेश वंदना मीनू सिन्हा ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य करुणा दुबे ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण व प्रतिवेदन पाठन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने संबोधन में युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि मैं आज युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में योगदान मांगने आया हूं। विशिष्ट अतिथि देवीचंद राठी ने कहा, युवाओं को ऊंचे आदर्श रखने चाहिए और ईमानदारी से उन आदर्शों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। देश के युवा अगर सफल होंगे तो विकसित भारत की परिकल्पना सफल होगी। संदीप दीवान ने युवाओं से कहा कि आप गौरव साली इतिहास के धरोहर है, अपना प्रत्येक क्षण सशक्त भारत और छत्तीसगढ़ के निर्माण में लगाए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें छात्रों ने मुख्य रूप से देशभक्ति वा संस्कृति पर आधारित एकल, युगल वा समूह नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाभारत की कहानी, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोकगीत, कृष्णभक्ति और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां रही। छात्रों के प्रदर्शन को अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। विद्यार्थी गेंद लाल साहू एवं ग्रुप, प्रशांत एवं दामिनी ग्रुप, नुसरत एवं ग्रुप, पल्लवी ठाकुर एवं ग्रुप, अंकिता विशाल एवं निलेश्वरी ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति दी। एकल गीत राष्ट्र प्रेम एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित रही, जिसे महाविद्यालय के छात्रों ने सुना एवं उसकी प्रशंसा की। पुरस्कार वितरण सत्र में प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न दानदाताओं द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में दान की गई राशि से प्रदान किए जाने वाले प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कारों का वितरण किया गया। इसके तहत स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तेईस से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों से प्रमाण पत्र और रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्नातक व स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 21 होनहार विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर महाविद्यालय की प्रतिनिधि कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल छः छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले बारह विद्यार्थियों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

इस सत्र के दौरान राष्ट्रीय व राज्य स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मोमेंटो व प्रमाण पत्र से मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के हिंदी वा राजनीति शोध केंद्र से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी वा अतिथि व्याख्याता के द्वारा नेट सेट उत्तीर्ण होने पर उन्हें प्रमाण पत्र वा मोमेंटो से सम्मानित किया गया। सत्र 2025- 26 में अध्यनरत विद्यार्थी जिन्होंने भर्ती परीक्षा के माध्यम से शासकीय सेवा में चयनित होने पर उन्हें प्रमाण पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष भर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र संघ पदाधिकारी को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय को विशेष सहयोग करने वाले महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में अध्यनरत क्रीड़ा विभाग के विद्यार्थी जिन्होंने अखिल भारतीय, राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित क्रीडा प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मुख्य अतिथि के हाथों से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ दुर्गावती भारती एवं मंच संचालन प्रोफेसर अजय कुमार राजा व विजय मिर्चे ने किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रीता पांडे, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, एसआर रात्रे, मनीराम धीवर, डॉ. ईपी चेलक, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, दिलीप लहरे, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनोबोध चौहान, प्रियंका सोनवानी, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष गोस्वामी, डॉ. जगदीश सत्यम, केसर चंद्र बनपाल, डॉ. जीवन चंद्राकर और कार्यालय से मुकेश साहू, सौरभ साहू, वेद देवांगन, डॉ गरिमा दीवान, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, डॉ कलाम रेखा, डॉ भट्टाचार्य, प्रिया बारीक, सीपी चतुर्वेदी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने अपनी उपस्थिति से वार्षिक उत्सव को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप



### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में एक व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को सुरेश रात्रे पिता जधु रात्रे अंबेडकर नगर सरायपाली ने बताया कि 26 फरवरी को उसके बड़े भाई महेश रात्रे द्वारा जमीन बेचे हो उसका पैसा मुझे भी दो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया।

### पटेवा थोना में होली को लेकर हुई बैठक

**झलप।** थाना पटेवा में आगामी होली त्योहार को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के पत्रकारगण, व्यापारी एवं समस्त कोटवार उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने शांति पूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्वक त्योहार मनाने के लिए अपने सुझाव दिए, जिस पर थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने आम जनता से कहा कि आने वाले त्योहार के मद्देनजर आपसी सामंजस्य से त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि नशे से बचे, नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। व्यापारियों से कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान न लगाए। सभी डीजे मालिक उस दिन अपना डीजे बंद रखे और नशे के कारोबारियों पर सख्ती बरतने की बात कही।

### अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला युवा अध्यक्ष बने प्रांशु

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रांशु चंद्राकर को जिला युवा अध्यक्ष (महासमुंद) के पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि प्रांशु चंद्राकर वर्तमान में ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच हैं। इस नियुक्ति के बाद जिला युवा अध्यक्ष प्रांशु चंद्राकर ने अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा एवं अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर सहित पूरे समाज के पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पद का दायित्व दिया गया है, उनके लिए वे सभी का हृदय से धन्यवाद करते हैं। साथ ही कहा कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

### शराब के खिलाफ पटेवा पुलिस ने की कार्रवाई

**झलप।** होली त्योहार के पहले पटेवा पुलिस ने ग्राम पचरी में फिर दबिश दी। जिसमें ग्राम के निवासी सहदेव लहरे के घर से 20 लीटर शराब और बड़ी मात्रा में महुआ पास बरामद किया गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 37 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायलय में रिमांड पेश किया गया। शराब बनाने के लिए बर्तन एवं 2 नग गैस चूल्हा भी जब्त किया गया। बरामद महुआ पास को नष्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि इस ही हफ्ते में यह ग्राम पचेरी में दूसरी बार कार्रवाई की गई पिछली बार 150 लीटर शराब जब्त किया गया था।

# संकुल समन्वयक ने ललितपुर स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, एबीईओ लोकेश्वर सिंह कंवर, संकुल नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केंद्र जमदरहा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नेवता भोज का पूर्ण आयोजन डिजेंद्र कुर्रे (संकुल समन्वयक जमदरहा) द्वारा स्वप्रेरित होकर कराया गया।

ललितपुर विद्यालय में यह 18वी बार नेवता भोज का सतत आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिजेंद्र कुर्रे, अध्यक्षता नेहरुलाल साहू, विशिष्ट अतिथि नोनीबाई चौहान ( सरपंच ग्राम पंचायत बी बनडबरी), रविशंकर साहू (ग्राम प्रमुख), रामलाल साहू (ग्राम प्रमुख) उपस्थित थे। अतिथियों का प्रधान पाठक गफ्फार खान, सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नेवता भोज में चावल, दाल, अंडा सब्जी परोसा गया। विशिष्ट अतिथि नोनी बाई चौहान ने कहा कि विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन प्रशंसनीय है। ललितपुर के प्रधान पाठक गफ्फार खान ने कहा कि नेवता भोज की विशेषता यह भी है कि सामुदायिक भागीदारी बढ़ाकर मध्यान्ह भोजन को और अधिक पौष्टिक बनाना तथा समानता की भावना को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि डिजेंद्र कुर्रे ने कहा कि ललितपुर में सतत हो रहे नेवता भोज से मुझमें यह इच्छा जागृत हुई कि मैं भी अपनी तरफ से बच्चों को नेवता भोज दूं। आल इस कार्य को करने में सफल हुआ। तत्पश्चात इस सप्ताह विद्यालय में हुए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। शाला प्रबंधन समिति द्वारा सरपंच नोनीबाई चौहान की अगुवाई में मुख्य अतिथि डिजेंद्र को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन अध्यक्ष नेहरूलाल साहू, उपाध्यक्ष खेमकुमारी साहू, कायतराम चौहान, रामेश्वरी चौहान, कटराम साहू, श्रीलाल, विद्याधर साहू, प्रेमलाल चौहान, रतनलाल, सावित्री चौहान, अनिता चौहान, बुधियारिन, रसोइया बुधियारिन, घुराऊराम, कुमारी साहू, सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामवती बरिहा आदि मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ झेरिया गाड़ा समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



छत्तीसगढ़ झेरिया गाड़ा समाज बागबाहरा ब्लाक के ग्राम नवागांव के सामाजिक भवन में कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देव की पूजा की गई। तत्पश्चात सभापति एवं अध्यक्ष के सहमति से विषय पर चर्चा की गई। जिसमें अनेक परिक्षेत्र से आए हुए समाज के चयनित नाम का वाचन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष हीराराम नेताम, उपाध्यक्ष अवधेश तांडे, कोषाध्यक्ष नरोत्तम जगत, सचिव चुम्मन लाल जगत, उपाध्यक्ष गुलशन बघेल, पूर्णिमा सोनवानी, सहसचिव टेकराम सुरजाल, भरत सोनवानी एवं मीडिया प्रभारी दयाराम बघेल एवं परमेश्वर सोनवानी, सभा संचालक गोकुल सिंह, नागेश, संरक्षक मोतीराम पांडे, गजानंद तांडे, सलाहकार पूरन तांडे, गणेश राम बघेल, महामंत्री संगठन मंत्री भागीरथी चौहान, विधि सलाहकार कमलेश कुमार तांडे, सदस्यगण आनंद राम जगत, श्याम लाल, घनश्याम राजवंशी, मुन्ना भारती, लता/नरोत्तम बघेल, सेवक राम बघेल, रामकुमार कुलदीप, त्रिलोकी बघेल अदि शामिल है।

### भाजपाइयों के प्रयास से मिली उच्च शिक्षा की सौगात, तोषगांव में खुलेगा शासकीय महाविद्यालय

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत तोषगांव को शासकीय महाविद्यालय की सौगात मिली है। यह उपलब्धि सरायपाली विधानसभा के भाजपा नेताओं के सतत प्रयासों, दूरदर्शी सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होकर क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अब सरायपाली विधानसभा क्षेत्र को मिल रहा है। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि तोषगांव में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण अवसर मिलेंगे। इससे न केवल युवाओं का भविष्य सशक्त होगा, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

# एकादशी पर श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा



**सरायपाली।** नगर के अग्रवाल धर्मशाला के पास स्थित श्याम दरबार में फाल्गुन माह के पावन अवसर पर 53वां श्याम फाल्गुन महोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन श्याम प्रभु के भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रातःकाल मंगला आरती के पश्चात श्याम बाबा का गुलाब, सेवंती, ऑर्किड, गेंदा एवं तुलसी आदि पुष्पों से भव्य एवं मनमोहक राजसी श्रृंगार किया गया।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु के नयनाभिराम स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्याम दरबार को फूलों, और मालाओं से विशेष रूप से सजाया गया था। इत्र की सुगंध से पूरा प्रांगण भक्तिमय वातावरण में महक उठा। निशान यात्रा संध्या 5 बजे अनिल मूलचंद अग्रवाल के निवास स्थान (विनायक विहार कॉलोनी) से प्रारंभ हुई। यात्रा में वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे हाथों में बाबा का निशान और गुलाल लिए भजन गाते एवं होली खेलते हुए शामिल हुए। जय श्री श्याम के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। निशान यात्रा बस स्टैंड, उड़िया पारा चौक एवं अग्रसेन चौक होते हुए श्याम दरबार पहुंची। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रसिद्ध भजन गायक मोहन कुमार शर्मा, दीपक शर्मा एवं अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। द्वादशी के दिन सवामणी भोग अर्पित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया।



### अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने फिल्म के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली।** लव स्टोरी फिल्म का अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने विरोध प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंप कर विरोध जताया। फिल्म में यादव समाज की उत्कृष्ट छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। ऐसी परिस्थितियों से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के करोड़ों समाज जनों में रोष एवं असंतोष व्याप्त है। यादव समाज सदैव राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है, ऐसे में किसी माध्यम से समाज की गरिमा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा प्रतीत होता है, जिससे स्वाभाविक रूप से समाज जनों में पीड़ा एवं रोष उत्पन्न हो रहा है। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा पूरे देश में यादव की लव स्टोरी फिल्म का पूरजोर विरोध कर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, एवं छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, नंदू यादव, संजू यादव,रेशम यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, अंजू यादव, मयंक यादव मोंटी आदि सामाजिक जन उपस्थित थे।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 14 को

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों, वित्तीय संस्थानों जैसे बैंकर्स व बीमा कंपनियों के अधिवक्ता एवं जिला एवं तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों की समीक्षा गई है। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरण नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत कर आसानी से प्रकरणों का आपसी सुलह व समझौते के आधार पर निराकरण करने के निर्देश भी दिए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित राजीनामा योग्य सिविल तथा आपराधिक प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

# भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर पीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 27 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के निमित्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं श्रम तथा रोजगार केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ के 21वां अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन विगत 6, 7, 8 फरवरी 2026 को पुरी (ओडिशा) में हुआ। इस अधिवेशन में देशभर से उपस्थित श्रमिकों से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर गहराई से चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया।

इस अधिवेशन से पहले भारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रम तथा रोजगार मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। मुलाकात के वक्त मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया था कि, उठाए गए मुद्दों की जांच कर अतिशीघ्र इसका समाधान किया जाएगा।

ज्ञापन में मुख्य मांगों में सभी सेक्टर तथा श्रमिकों के लिए, श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के, अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ एक साथ लागू किया जाए। लेबर कोड अर्थात ''इंडसट्रियल रिलेशन कोड 2020'' तथा ''आक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020'' में व्याप्त श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए, त्रिपक्षीय तंत्र का पुनरूद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जाए। इंडियन लेबर कान्फ्रेंस को अविलंब आहूत किया जाए। अनेक त्रिपक्षीय कमेटियों का पुनर्गठन किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह समितियां प्रभावी तथा नियमित रूप से श्रमिकों के कल्याण के लिए व्यवहारिक रूप से कार्य करें। ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन रूपए 1000 से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह महंगाई भत्ते के राहत के साथ लागू किया जाए। ईपीएफ में अनिवार्य अंशदान के लिए वर्तमान वेतन सीमा 15000 से बढ़ाकर 30000 रुपए प्रतिमाह किया जाय। इसी प्रकार वर्तमान में ईएसआईसी के तहत कवरेज के लिए मासिक वेतन सीमा रुपए 21000 रुपए प्रति माह है, जिसे बढ़ाकर 42000 रुपए प्रति माह किया जाय। बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत बोनस की पात्रता हेतु कैल्कुलेशन की वर्तमान सीलिंग 7000 तथा एलिजिबिलिटी सीलिंग 21000 रुपए प्रतिमाह में बढ़ोतरी की जाए। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 की मूल भावना के अनुसार स्कीम वर्कर और ठेका श्रमिकों को स्थाई किया जाए। आम भर्ती पर लगी रोक को तुरंत हटाया जाए तथा नौकरियों में बिना किसी अनिश्चितता या असुरक्षा के गारंटीड रोजगार का भरोसा दिया जाए शामिल है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री खगेंद्र तारक, जिले के संरक्षक रिखीराम साहू, अश्वनी तिवारी, छग बिजली कर्मचारी संघ के समीर समद्दर, विवेक शेवलीकर, दिलीप अंबिलकर, अरूणेंद्र दीवान, राजेश देवांगन (बिजली अध्यक्ष), संतोष ध्रुव, कमलेश चंद्राकर, हरिराम, पीएल गुप्ता, भूमिराज, गोपी, नीतेश श्रीवास्तव, विकास कुमार, रणधीर सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अज्ञात युवक का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे में ग्राम अमावस-बेलटुकरी चौक के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 30-35 साल, भूरा कमीज और हल्के नीले रंग का पेंट पहने हुए था, का सड़क हादसे में देहांत हो गया, जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डा. जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संतोष साहू मुन्ना, एजाज नकवी, संजय साहू, मनोज पटेल और गुमान जैन द्वारा किया गया।



### निषाद सामुदायिक भवन में टीना शेड का भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टा के निषाद भवन में टिन शेड का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान द्वारा किया गया और ग्राम के सरपंच राजकमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने गुहा जयंती कार्यक्रम में निषाद भवन प्रांगण के लिए 5 लाख का घोषणा की थी। स्वीकृत के बाद आज मुझे भूमिपूजन का किया गया। कार्यक्रम में निषाद समाज के अध्यक्ष देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, ऋषि निषाद, नरोत्तम निषाद, छोटू निषाद, मानिक राम निषाद, प्रेमा बाई निषाद, श्याम बाई निषाद एवं निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।



### डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर नमन किया गया। भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, मयंक चंद्राकर उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक 01 मार्च को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से इस माह के अंत में आयोजित की जाने वाली वार्षिक पेंशनर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा नये सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष-रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष द्वय चंद्रबदन मिश्रा आदि ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## सुविधा : गरीब एवं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक व मानसिक राहत मिलेगी, बाहर जाने की जरूरत नहीं

# सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव सुविधा प्रारंभ, क्षेत्र की गर्भवती माताओं को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार आएगा

जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में सिजेरियन (ऑपरेशन द्वारा) प्रसव सुविधा की सफल शुरुआत की गई है। यह सुविधा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। अब जटिल एवं आपातकालीन प्रसव की स्थिति में महिलाओं को महासमुंद, रायपुर अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे समय पर उपचार सुनिश्चित होगा तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार आएगा। साथ ही गरीब एवं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक व मानसिक राहत मिलेगी। यह उपलब्धि जिला प्रशासन एवं





स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से संभव हो सकी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में प्रारंभ की गई है। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के कुशल निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आवश्यक तैयारियां पूर्ण की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुशल नायक के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थियेटर, आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके परिणामस्वरूप सिजेरियन प्रसव सेवा को सफलतापूर्वक प्रारंभ किया जा सका। इस उपलब्धि में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. भागेश्वर (शुभा नर्सिंग होम), नर्सिंग टीम, प्रगति सिस्टर, समीर पटेल, स्मृति एवं अंकिता का विशेष योगदान रहा। समस्त टीम के सामूहिक प्रयासों से प्रथम सिजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक हुआ। सिजेरियन सुविधा के तहत ग्राम खैरमल निवासी प्रमिला मांझी (27 वर्ष) पति खिरसागर मांझी का प्रसव सुरक्षित रूप से कराया गया। मां एवं नवजात दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव सुविधा की शुरुआत क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव सुविधा की शुरुआत क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे ग्रामीण महिलाओं को समय पर सुरक्षित उपचार मिलेगा और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होगा। जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक सुलभ हों। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि सिजेरियन प्रसव सुविधा शुरू होने से जिले की मातृ स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। अब जटिल प्रसव मामलों में त्वरित उपचार संभव हो सकेगा, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। हमारा लक्ष्य है कि दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को भी गुणवत्तापूर्ण मातृत्व सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएं। वर्तमान में यह सुविधा पूर्व नियोजित प्रसव के लिए प्रारंभ की गई है। शीघ्र ही इसे सभी प्रकार के प्रसव मामलों के लिए विस्तारित किया जाएगा, जिससे सेवा को और अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके।स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सरायपाली एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान बताया है।

## वृंदावन विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए विज्ञान संबंधी मॉडल

वृंदावन विद्यालय में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय "सतत भविष्य के लिए विज्ञान" रखा गया है। इसमें बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट वैज्ञनिक एवं सृजनात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जल संरक्षण, ग्रीन क्लीन सिटी, प्रदूषण-मुक्त वातावरण, सौर मंडल, सड़क सुरक्षा, सौर उर्जा, आदि विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा क्रमवार प्रदर्शित माडल का निरीक्षण किया गया। संचालक एमआर विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के बौद्धिक विकास और उनकी जिज्ञासा को नई दिशा देने का एक अनूठा मंच है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा दिया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान छात्र युगांश, मोक्षराज एवं हर्षित ने प्राप्त किया, जिन्होंने अपने माडल में वाटर डिस्पेंसर उपकरण शामिल किया, जो आवश्यकता अनुसार ठंडा या गर्म पानी उपलब्ध कराता है। द्वितीय स्थान छात्रा इशांवी व अनन्या ने प्राप्त किया, जिन्होंने हाइड्रो-इलेक्ट्रिसिटी द्वारा पानी से उत्पन्न किये जाने वाली बिजली पर आधारित माडल प्रस्तुत किया। उपप्रचार्य इंदु मिश्रा ने भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों और भविष्य पर चर्चा की। विज्ञान प्रभारी शिक्षिका रिंकी कुर्रे ने इस विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## विज्ञान पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोइरगांव (कोमाखान)

शासकीय हाई एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा विज्ञान पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना था।

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने बच्चों से संवाद करते हुए आग की खोज से शुरुआत कर उन आविष्कारों पर चर्चा की, जिन्होंने दुनिया को बदल दिया। जब उन्होंने पूछा- "दुनिया का सबसे पहला वैज्ञानिक कौन?" तो बच्चों ने उत्साह से उत्तर दिया "छोटा बच्चा"। इस संवादात्मक शैली के माध्यम से उन्होंने बताया



कि जवाब ढूँढना और जवाबों पर सवाल उठाना ही विज्ञान की असली पहचान है। उन्होंने दो कहानियों के माध्यम से परंपराओं के अंधानुकरण, वैज्ञानिक एवं अवैज्ञानिक सोच तथा अंधविश्वास के सामाजिक प्रभाव को सरल और रोचक ढंग से समझाया। अंत में उन्होंने बच्चों को विज्ञान पत्रिका भेंट की और कविता, कहानी, चित्रकला एवं लेखन के माध्यम से विद्यालय की अपनी विज्ञान पत्रिका प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कसेकेरा को विज्ञान की उर्वरा भूमि बताते हुए महान वैज्ञानिकों के योगदान को याद किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी सलीम अली, कृषि वैज्ञानिक ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह तथा हाल के वर्षों में विज्ञान आश्रम से जुड़े वैज्ञानिकों के कार्यों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि विज्ञान का प्रयोग शांति, सहयोग और बेहतर समाज निर्माण की दिशा में होना चाहिए। कार्यक्रम में कोमन चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, प्रेमिन दीवान ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। राहुल ध्रुव एवं मोनेश देवांगन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सारगर्भित एवं उत्कृष्ट संचालन शिक्षक जितेंद्र साहू ने किया।

## टॉपर शिवा पवार को मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहर के शंकर नगर निवासी होनहार छात्र शिवा आर्तत्राण पवार ने बीएएलएलबी में सीजीपीए 9.13 लेकर टॉप किया है। इस उपलब्धि के लिए शिवा महामहिम राज्यपाल से सम्मानित हुए। शुक्रवार को एमेटी यूनिवर्सिटी का चौथा दीक्षांत समारोह पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार रायपुर में संपन्न हुआ जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आए छात्र-छात्राओं और उनके पालकों की मौजूदगी में शिवा आर्तत्राण पवार को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। शिवा हमेशा टॉप 5 में स्थान बनाते रहे और यूनिवर्सिटी प्रबंधन से स्कालरशिप प्राप्त करते रहे हैं। स्कूल समय से ही शिवा आर्तत्राण पवार की मेघावी छात्रों में गिनती होती रही है। गोल्ड मेडल के साथ-साथ इन्हें ज्ञान सृजन में उत्कृष्टता का एचओआई अभिनव प्रधान द्वारा उसी मंच से अवार्ड से नवाजा गया। क्योंकि, पवार ने विभिन्न विश्वविद्यालयों



द्वारा आयोजित मूट कोर्ट में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने के साथ-साथ कानून से संबंधित कई आर्टिकलों का प्रकाशन विभिन्न विश्वविद्यालयों व प्रकाशकों द्वारा किया गया है। शिवा वरिष्ठ पत्रकार जसवंत पवार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में हेल्थ सुपर वाइजर के पद पर पदस्थ किरण पवार के सुपुत्र है।

## जमशेद बने राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों और टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के कोच जमशेद अख्तर को भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला पंजाब द्वारा राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह प्रमाण-पत्र एनआईएस के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक मोहिंदर सिंह बेदी द्वारा प्रदान किया गया। वर्तमान में जमशेद अख्तर, टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी महासमुंद शाखा में बतौर कोच के साथ मुख्य शाखा रायपुर में एकेडमी (प्रबंधक) के रूप में कार्यरत हैं और जिले के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को पेशेवर एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट के लिए तैयार कर रहे हैं। जमशेद अख्तर ने यह सफलता एकेडमी के संचालक एवं डायरेक्टर एनआईएस क्रिकेट कोच डॉ. शबाब कुरैशी के विशेष मार्गदर्शन में प्राप्त की।

## दीवारें केवल ईंट-पत्थर नहीं होतीं, वे बोलती भी हैं

**महासमुंद।** विद्यालयों में वाल भित्ति चित्र, प्रिंट रिच सामग्री और एफएलएन के अंतर्गत गतिविधि आधारित बाला पिक्चर स्कूल के वातावरण को सुंदर, आकर्षक और सीखने योग्य बनाते हैं। जब कक्षाएं रंगों, शब्दों और चित्रों से जीवंत होती हैं, तब बच्चों में जिज्ञासा, संवाद और सीखने की उत्सुकता स्वतः बढ़ती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यालय में बने चित्रों और प्रदर्शित सामग्री को केवल सजावट न मानें, बल्कि उन्हें शिक्षण का सशक्त माध्यम बनाएं। बच्चों से चित्रों पर चर्चा करें, उनसे प्रश्न पूछें, उनमें छिपे संदेश समझाएं। प्रदर्शित फोटो किस महान व्यक्तित्व का है, उनका समाज और राष्ट्र निर्माण में क्या योगदान रहा, यह बच्चों को अवश्य बताएं। इससे बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और प्रेरणा भी विकसित होगी। उक्त बातें बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने शासकीय प्राथमिक शाला कुर्मीपारा के अवलोकन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जोर दिया कि विद्यालय की हर दीवार सीखने का अवसर बने और हर चित्र बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का माध्यम बने। अवसर पर प्रधानपाठक कामनी चंद्राकर एवं शिक्षिका टिकेश्वरी साहू उपस्थित थीं।




## कसेकेरा में आर्द्रभूमि संरक्षण संगोष्ठी 1 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोइरगांव (कोमाखान)

विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत प्रदेश की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा 1 मार्च 2026 को भारत के महान पक्षी वैज्ञानिक सलीम अली की स्मृति में बर्ड वाचिंग और वेट लैंड संरक्षण के लिए संगोष्ठी का कार्यक्रम विज्ञान आश्रम कसेकेरा में आयोजित है। साथ ही कसेकेरा के बड़े तरिया को छत्तीसगढ़ के एक ऐतिहासिक पक्षी स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस सेमिनार में बर्ड वॉक, आर्द्रभूमि अध्ययन, विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संरक्षण पर संवाद शामिल है। संगोष्ठी में शोधार्थी एवं विद्यार्थी, पक्षी विशेषज्ञ एवं प्रकृति प्रेमी, वन विभाग एवं पर्यावरण कार्यकर्ता, स्थानीय समुदाय भागीदारी कर सकते हैं। इसके लिए पूर्व पंजीयन किया जाना आवश्यक है। संगोष्ठी के आयोजकों द्वारा बताया गया है कि इस बर्ड वाचिंग में समय का बहुत महत्व है। पहले सत्र में 1 मार्च की सुबह 7 बजे से बड़े तरिया में पक्षियों की पहचान और गणना का काम शुरू होगा। जबकि, दूसरे सत्र में कोमाखान बांधापारा तटबंध के आसपास की आर्द्र भूमि में आए पक्षियों का अवलोकन और अध्ययन होगा। तीसरे सत्र में छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले स्थानीय और माइग्रेटरी पक्षियों के संरक्षण और नदी तालाबों को बचाने के लिए विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम में बाहर से आने वाले पक्षी अवलोकनकर्ताओं के लिए कसेकेरा में रुकने एवं भोजन की सुविधा रहेगी।

## माय भारत पहल के तहत किया गया भ्रमण

# गुजरात के युवाओं ने किया सिरपुर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

माय भारत रायपुर (छग) के अंतर्गत आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राज्य निदेशक अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार का आयोजन किया गया। गुजरात से आए युवाओं का महासमुंद जिले के सिरपुर में ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

माय भारत महासमुंद से वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार अशोक चक्रधारी एवं नवयुवक मंडल बिरबिरा द्वारा आगमन पर युवाओं का गुलाब फूल भेंट आत्मीय स्वागत किया गया।



इस दौरान उत्साह, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर, प्राचीन बौद्ध विहार, भव्य सुरंग टीला तथा श्रद्धा के केंद्र गंधेश्वर मंदिर का अवलोकन किया। साथ ही पवित्र महानदी नदी के तट पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्राप्त किया। युवाओं को क्षेत्र के समृद्ध इतिहास, स्थापत्य कला एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों को वन चेतना केंद्र कोडार ले जाया गया, जहां वन संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कोडार डेम का भी अवलोकन किया, जहां जल संसाधन प्रबंधन एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय धरोहरों और विकास कार्यों से परिचित कराना था। माय भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जागरुकता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय समर्पण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




